समाचार

# महापौर ने किया साकेत में ध्वजारोहण



कोरबा 27 जनवरी 2026 –महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण व निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इस मौके पर ध्वजारोहण किया तथा गणतंत्र दिवस की अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं नगरवासियों को दी। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतीय गणराज्य के निवासी है, जहॉ पर लोकतंत्र अपने सच्चे स्वरूप में विद्यमान है तथा हम सब इस लोकतंत्र के अभिन्न अंग हैं। उन्होने आगे कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में मान.मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की अगुवाई में विगत 02 वर्षो में राज्य सरकार ने प्रदेश का तेजी से विकास किया तथा प्रदेश के किसान, मजदूर, श्रमिक, गरीब, महिला, युवा एवं समाज के सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए दर्जनों योजनाए संचालित की, सैकड़ों जनहितकारी निर्णय लिए, जिनके परिणाम स्वरूप प्रदेश के लाखों, करोड़ो लोग इन जनकल्याणकारी निर्णयों से लाभान्वित हुए। विगत 02 वर्ष के दौरान कोरबा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो हेतु विविध मदों से लगभग 800 करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृति की गई, परिणाम स्वरूप निगम क्षेत्र में विकास को नई

ऊर्जा मिली तथा क्षेत्र की जनता जनार्दन की इच्छा, मांग व उनकी आवश्यकता के अनुरूप विकास को गति व दिशा दी गई। इस हेतु मैं मान. मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव जी एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूॅ, आभार ज्ञापित करती हूॅ। उन्होने निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय को बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल दिशा निर्देशन में हमारा नगर निगम कोरबा, शहर की स्वच्छता, नगर के विकास व शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है, मैं धन्यवाद देती हूॅ, अपने साथी पार्षदबंधुओं व बहनों का, जिनके अमूल्य सुझाव व सहयोग नगर के विकास के लिए मुझे लगातार प्राप्त हो रहे हैं। मैं साधुवाद देती हूॅ अपने अधिकारी कर्मचारियों को, जिनकी कर्तव्यनिष्ठा व परिश्रम की बदौलत हमारा नगर निगम नित नई उपलब्धियॉ हासिल कर रहा है। उन्होने विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि विगत कुछ माहों के दौरान शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव आए हैं, हमारे नागरिकबंधुओं व माताओं बहनों में भी स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ी है, शहर का परिदृश्य परिवर्तित हुआ है और हमारा कोरबा शहर अब बदला–बदला नजर आ रहा है। इन्हीं सबका परिणाम है कि स्वच्छ सर्वेक्षण की रैकिंग में हमारे कोरबा ने देश में 8वीं रैंकिंग हासिल कर टॉप टेन में जगह बनाई है, जिसकी गॅूज प्रदेश व देश तक पहुंची, जबकि विगत वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में कोरबा को देश में 24वीं रैंकिंग हासिल हुई थी, मुझे प्रसन्नता है कि हमारे कोरबा ने वाटर प्लस की उपलब्धि भी हासिल की है, छत्तीसगढ़ के 04 शहरों को यह उपलब्धि मिली, जिसमें हमारा कोरबा भी शामिल है, इसी प्रकार हमने 03 स्टार रेटिंग व ओ.डी.एफ. प्लस–प्लस की उपलब्धि भी हासिल की है। निश्चित रूप से यह सभी उपलब्धियॉ हमारे नगर निगम के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों की मेहनत व संकल्प शक्ति का परिणाम है, जिसके लिए मैं पुनः आप सबको बधाई व साधुवाद देती हूॅ। उन्होने अधिकारी कर्मचारियों का आव्हान करते हुए कहा किगणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर हम पुनः संकल्प लें कि आगे आने वाले दिनों में भी हम शहर की स्वच्छता, नगर के सर्वांगीण विकास, जनसमस्याओं के निराकरण, नागरिक सुविधाओं की और अधिक बेहतरी एवं आमजनता के हित में पूरी निष्ठा, तत्परता व इच्छाशक्ति के साथ कार्य करेंगे।

**हम लोक सेवकों का प्रथम दायित्व नागरिकों के हितों की रक्षा**– इस अवसर पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस का यह ऐतिहासिक दिन हमें याद दिलाता है कि हमने इस दिन अपने संविधान को अंगीकृत करते हुए संविधान के प्रावधानों के अनुरूप चलने का संकल्प लिया था। उन्होने कहा कि हम जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी लोक सेवक व जनसेवक हैं तथा हमारा प्रथम दायित्व अपने नागरिकों के हितों की सुरक्षा करना हैं, हमारा कर्तव्य है कि हम दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें तथा लोकतंत्र की मजबूती हेतु कार्य करें। उन्होने कहा कि हम सब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत और सबका साथ–सबका विकास के संकल्प को पूरा करने आगे बढ़ रहे हैं।

**अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहे, पूर्ण निष्ठा से दायित्व निभाएं**– इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि हम सबके लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं, इस महान लोकतंत्र की सुरक्षा करना तथा इसे मजबूती देना हमारा परम् कर्तव्य है। उन्होने अधिकारियों कर्मचारियों का आव्हान करते हुए कहा कि हम अपने कर्तव्यों के प्रति, अपने परिवार व समाज के प्रति, अपने प्रदेश व राष्ट्र के प्रति पूर्ण रूप से ईमानदार रहें तथा पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोकतंत्र की मजबूती हेतु कार्य करें एवं जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाएं। उन्होने आगे कहा कि

मुझे खुशी है कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अगुवाई में नगर निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं तथा माननीय जनप्रतिनिधियों व पार्षदजनों का भरपूर सहयोग व मार्गदर्शन भी मिल रहा है। उन्होने कहा कि कोरबा में स्वच्छता का उजाला फैल रहा है, अन्य औद्योगिक शहरों की अपेक्षा हमारा शहर कोरबा प्रदूषण मुक्त व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उच्च पायदान पर पहुंचा है तथा देश के प्रदूषण मुक्त शहरों में हमारा कोरबा 13वें नम्बर पर है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में सबसे ज्यादा डी.पी.आर. तैयार कर हम प्रदेश में प्रथम नम्बर पर रहे हैं तो वहीं प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के क्रियान्वयन की दिशा में हम तेजी से कार्य कर रहे हैं।

**उत्कृष्ट कार्यो हेतु सम्मानित हुए कर्मचारी** – इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत, सभापति श्री ठाकुर व आयुक्त श्री पाण्डेय ने नगर निगम कोरबा के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिनको सम्मानित किया गया, उनमें वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा, उप अभियंता गुलिस्ता साहू, कार्यालय अधीक्षक रामसिंह नेताम, सहायक राजस्व निरीक्षक उत्तम राठौर, समयपाल सीताराम पटेल, सी.एल.टी.सी. धवल शर्मा, सहायक ग्रेड–2 तीजराज साहू, डाटासेंटर से जितेन्द्र यादव, सहायक ग्रेड–3 परमेश्वर शर्मा व आदर्श दहायत, एन.यू. एल.एम. से परविन बेगम, कम्प्युटर आपरेटर अजय धीवर, तीरथबाई कुर्रे, ड्रायवर मनमोहन दीप, उद्यान शाखा से पनइतलाल यादव, जलप्रदाय शाखा रितेश चन्द्रा, विद्युत शाखा से दीपक निर्मलकर आदि शामिल हैं।

गणतंत्र दिवस समारोह में एम.आई.सी.सदस्य ममता यादव, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, पंकज देवांगन, रूबीदेवी सागर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त त्रय नीरज कौशिक, बी.पी.त्रिवेदी, पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, एन.के.नाथ, तपन तिवारी, प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, सुनील तांडे, लीलाधर पटेल, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहा. अभियंता पीयूष राजपूत, विपिन मिश्रा, राहुल मिश्रा, आकाश अग्रवाल, हेमंत गभेल, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे, दिवाकांत जायवाल, उत्तम साहू, शांतिलाल सोनी, अरविंद वानखेड़े, हिमांशु राठौर, अरूण वर्मा, दीनदयाल साहू, अजय शुक्ला, अरविंद पाण्डेय, निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी एन.पी.देवांगन, गिरीश साहू, डी.एस.बैस, जी.एस.चंदेल, कमल देवांगन आदि उपस्थित थे।